डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 104 | पृष्ठ 8 | मन्दसौर | रविवार 26 जनवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया

## तापमान गिरा, बढ़ी ठिठुरन

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में उत्तरी हवाओं के प्रवेश से सर्दी का प्रकोप बढ़ गया है। शहर सहित अंचल में रात का तापमान 3 डिग्री तक लुढ़क गया है। जबकि, अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया है। तापमान गिरने से एक बार फिर ठिठुरन बढ़ गई है।

मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया कि गुरुवार रात से हवा का रुख उत्तरी होने से तापमान में गिरावट आना शुरु हुई है। शुक्रवार और शनिवार को भी प्रदेश में हवाओं की औसत गति 12 से 14 किलोमीटर प्रति घंटा रही। उत्तर भारत में 12.6 किलोमीटर की उंचाई पर जेट स्ट्रीम हवाएं 232 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं, जिससे ठंड का प्रकोप बढ़ा है। मौसम विशेषज्ञों का पूर्वानुमान है कि अगले दो-तीन दिन तक सर्द मौसम का दौर जारी रहेगा। इसके बाद तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि होने की संभावना है। 29 जनवरी से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिसके प्रभाव से प्रदेश के पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्रों के कुछ जिलों में बूंदाबांदी की संभावना है। हालांकि, मंदसौर जिले में मौसम सामान्य रहने की उम्मीद है।




# एमपीईबी : डेढ़ लाख लोगों पर 41 करोड़ बकाया

## सरकारी कार्यालयों पर 34 करोड़ से ज्यादा बाकी, वित्तीय वर्ष की समाप्ती से पहले वसूली का बढ़ा तनाव

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** वित्तीय वर्ष समाप्ती का समय नजदीक आते ही एमपीईबी अर्थात मप्रविविकं का तनाव बढ़ गया है। मामला है बिजली बिल वसूली का। वर्तमान में जिले में घरेलू, व्यावसायिक एवं ओद्योगिक कनेक्शनों में एक लाख 65 हजार 260 उपभोक्ताओं पर 41 करोड़ से अधिक बकाया है। इसमें सर्वाधिक एक लाख 54 हजार 766 घरेलू उपभोक्ता शामिल है। जिन पर 35 करोड़ 96 लाख रूपए बकाया है। मार्च माह करीब होने की स्थिति में अब बिजली कंपनी का अमला बकाया राशि की वसूली करने में जुटा है। जिले में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बकायादार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी की जा रही है। इसके बावजूद बकायादार उपभोक्ताओं की संख्या व राशि कम होने की बजाए बढ़ रही है। हालांकि अब बकायादारों के नाम सार्वजनिक कर चौराहों पर फ्लेक्स टांगने की कार्रवाई की भी तैयारी की जा रही है। इसके अलावा बात करें सिर्फ सरकारी कार्यालयों की तो 34 करोड़ रूपए से ज्यादा सरकारी विभागों का बिल बकाया है।

### टोटल आंकड़ा और ज्यादा...


घरेलू, गैर घरेलू व व्यावसायिक उपभोक्ताओं के साथ ही सरकारी विभाग भी समय पर बिजली बिल जमा नहीं करवा रहे है। सभी श्रेणी के कनेक्शनों पर जिलेभर में 75 करोड़ रूपए से अधिक राशि बकाया है। वसूली के लिए विद्युत वितरण कंपनी कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी कर रही है। सबसे ज्यादा

### अब बकायादारों के नाम होगे सार्वजनिक

जिले के शासकीय विभागों पर 34 करोड़ रुपए से अधिक बकाया है। इसमें सबसे ज्यादा पंचायत विभाग पर करीब 23 करोड़ से अधिक बकाया है। सरकारी विभागों के अलावा अन्य पर 41 करोड़ की राशि बकाया है। जिलेभर में बकायादार बिजली उपभोक्ताओं की संख्या और राशि लगातार बढ़ रही है।

### हर माह बढ़ रही राशि...

जिले में घरेलू, व्यावसायिक और ओद्योगिक श्रेणी के एक लाख 65 हजार 260 ऐसे उपभोक्ता जिन पर बिजली बिलों के 41 करोड़ 8 लाख 76 हजार रुपए बकाया है। इनमें से अनेक उपभोक्ताओं ने कई महिनों से बिजली बिल जमा नहीं करवाया है। इसके अलावा सरकारी विभागों पर भी लगातार बिजली बिल बकाया ही चल रहा है। सभी शासकीय विभागों पर 34 करोड 26 लाख 58 हजार रुपए बिजली बिल का बकाया है। इनमें कुछ विभाग बजट जारी नहीं होने का हवाला देते हुए बिल जमा नहीं करवा रहे है। वहीं बिजली कंपनी की टीमें ग्राम पंचायतों के ही कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरु कर रही है।




### यह है बकायादर...

| उपभोक्ता | बकायादार संख्या | बकाया राशि |
| --- | --- | --- |
| घरेलू | 154766 | 35 करोड़ 96 लाख |
| गैरघरेलू | 9691 | तीन करोड़ 86 लाख |
| औद्योगिक | 803 | एक करोड़ 25 लाख |
| सरकारी विभाग | 5147 3 | 4 करोड़ 26 लाख |

### शहर में सवा करोड़ बकाया...

शहर में 1938 उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का 1 करोड़ 23 लाख रुपए बकाया है। इन उपभोक्ताओं को धारा 56 व भू-राजस्व संहिता के तहत नोटिस जारी किए गए है। 23 जनवरी तक का समय दिया था। अब राशि जमा नहीं होने पर जब्ती के साथ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही बकायादार उपभोक्ताओं के नाम फ्लेक्स पर लिखकर चौराहों पर लगाए जाएंगे। सभी श्रेणियों के मिलाकर शहर में 34 जार 700 बिजली उपभोक्ता है। इनमे से अब तक 362 कनेक्शन काटे गए हैं।

# एमपी बोर्ड: परीक्षा की तारीखों में बदलाव

**भोपाल, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल ने हाईस्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षा वर्ष 2025 के तारीखों में बदलाव किया है। संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी भी कर दिया गया है। इसमें कुछ विषयों की परीक्षा तिथियों में बदलाव किया गया है। पहले जारी कार्यक्रम के अनुसार, हाईस्कूल में 19 मार्च 2025 को होने वाली विज्ञान विषय की परीक्षा अब 21 मार्च 2025 शुक्रवार को आयोजित की जाएगी। इसी तरह, हायर सेकंडरी परीक्षा में 19 मार्च 2025 (बुधवार) को प्रस्तावित परीक्षा भी 21 मार्च 2025 को ही होगी।

संशोधित डेटशीट के अनुसार कक्षा 12वीं परीक्षा 25 फरवरी 2025 से शुरू होकर 25 मार्च 2025 को समाप्त होगी। यह परीक्षा एक ही पाली में सुबह 09 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा हिंदी विषय से शुरू होगी और गणित विषय के साथ समाप्त होगी। वहीं कक्षा 10वीं परीक्षा 27 फरवरी 2025 से शुरु होकर 21 मार्च 2025 को समाप्त होगी। यह भी एक ही पाली में सुबह 09बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। कक्षा 10वीं की परीक्षा हिंदी विषय से प्रारंभ होगी और विज्ञान विषय के साथ समाप्त होगी।

### इस कारण हुआ बदलाव...

छात्रों और उनके अभिभावकों की लंबे समय से यह मांग थी कि परीक्षा की तारीखों में होली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए बदलाव किया जाए। इस वजह से बोर्ड ने परीक्षा कार्यक्रम में परिवर्तन किया है, ताकि विद्यार्थी पढ़ाई और त्योहार दोनों के बीच आसानी से सामंजश कर सके।

# आज व कल होंगे कई विवाह

## फरवरी माह में 25 तारीख तक बजेंगी शहनाइयां

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अंग्रेजी नए वर्ष के पहले माह अर्थात जनवरी में विवाह समारोह का दौर चल रहा है। आज गणतंत्र दिवस 26 जनवरी और कल सोमवार 27 जनवरी को शहर में कई विवाह समारोह होंगे। वहीं फरवरी माह में 25 तारीख तक बड़ी संख्या में विवाह के मुहूर्त है। शुभ मुहूर्त होने से शहर के मैरिज गार्डन, शादी हाल, होटल फुल हो चुके हैं।शहर के छोटे-बड़े बाजारों में विवाहों के मुहूर्त होने से रौनक बनी हुई है। मकर संक्रांति के बाद 16 जनवरी से शुरू हुए विवाह सहित शुभ कार्य निरंतर जारी हैं। जानकारों के मुताबिक शुक्र ग्रह 19 मार्च से 23 मार्च तक चार दिन तक अस्त, गुरु ग्रह 12 जून से नौ जुलाई तक 27 दिन के लिए अस्त रहेंगे।



इसके अलावा भी शुक्र ग्रह इस साल में दोबारा अस्त होंगे जो 12 दिसंबर से 31 दिसंबर तक कुल 24 दिन तक अस्त रहेंगे, इस दौरान शुभ काम सहित मांगलिक कार्य वर्जित रहेगा। बीते वर्ष 62 दिन ही विवाह मुहूर्त थे। जबकि, इस साल 76 दिन से भी अधिक मुहूर्त हैं। इसके लिए जिनके घरों में विवाह हैं, उन्होंने डीजे, बैंड, घोड़ा और बग्घी, फोटोग्राफर, हलवाई की बुकिंग कर ली है।




### गणतंत्र दिवस की बधाई, शुभकामनाएं

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की सभी सुधी पाठको, विज्ञापनदाताओ, शुभचिंतको को ढेर सारी बधाई। अपना देश निरंतर तरक्की करें, उन्नती करें, ऐसी मंगलकामनाएं...।

–संपादक

### अवकाश सूचना

आज 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर दैनिक गुरु एक्सप्रेस कार्यालय का अवकाश रहेगा। इसलिए कल 27 जनवरी को गुरु एक्सप्रेस का प्रकाशन स्थगित रहेगा। 28 को पुनः मिलेंगे।

–संपादक

## सरकारी जमीन पर कब्जा करने के मामले में 9 लोगों पर प्रकरण दर्ज

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सुवासरा में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में पुलिस ने एक नामजद आरोपी व अन्य 8 लोगों पर प्रकरण दर्ज किया है। सुवासरा पुलिस के अनुसार मामला नजूल भूमि विवाद से जुड़ा है। सर्वे क्रमांक 966/1 व रकबा 0.195 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 966/2 व रकबा 0.1010 और सर्वे क्रमांक 965 पर कब्जे मामले में आरोपी बद्रीलाल पिता बालाराम सूर्यवंशी निवासी ग्राम मसूदी व अन्य 8 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

## युवक ने फांसी लगाई, मौत

**नीमच, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जावद थाना क्षेत्र के नयागांव पुलिस चौकी के बोरखेड़ी तालाब गांव में एक युवक ने अपने ही घर में फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान कन्हैयालाल उर्फ काना पिता रामलाल के रूप में हुई है।

घटना का पता तब चला, जब परिजन घर लौटे और कन्हैयालाल ने दरवाजा नहीं खोला। काफी देर तक आवाज लगाने के बाद भी जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो परिजन छत के रास्ते घर में घुसे। कमरे का दरवाजा खोलते ही कन्हैयालाल को छत की एंगल से कपड़े का फंदा बनाकर लटका पाया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने नीमच के बड़े अस्पताल पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही नयागांव पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों की मदद से शव को नीचे उतारा और पंचनामा की कार्रवाई की। शनिवार सुबह बड़े अस्पताल में शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# फिर टली नीट पीजी काउंसलिंग, मेडिकल के विद्यार्थी परेशान



**भोपाल, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में नीट पीजी काउंसलिंग की प्रक्रिया एक बार फिर टल गई है। इससे मेडिकल के विद्यार्थी परेशान हैं। एमडी और एमएस की 1 हजार 180 सीटों के लिए 04 हजार 34 उम्मीदवार दावेदार हैं। गुरुवार से च्वाइस फिलिंग और सीट लाकिंग की प्रक्रिया शुरू होनी थी। लेकिन, तकनीकी कारणों से इसे टाल दिया गया। मेडिकल विद्यार्थियों का कहना है कि बार-बार काउंसलिंग टलने से उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इससे उन्हें पीजी सीट पाने में कठिनाई हो रही है। छात्रों ने कहा कि अन्य राज्यों जैसे तेलंगाना में काउंसलिंग तेज गति से हो रही है। वहां एक दिन में च्वाइस फिलिंग और रिजल्ट जारी कर दिया जाता है। किन्तु, मध्य प्रदेश में प्रक्रिया की गति बहुत धीमी है।

बता दें कि पहले राउंड में भी देरी हुई थी, जिससे उम्मीदवारों को आर्थिक और शैक्षणिक नुकसान हुआ। अब दूसरे राउंड की देरी से छात्रों को और परेशानी होगी। खासकर जब आल इंडिया काउंसलिंग का तीसरा चरण 03 फरवरी तक खत्म हो जाएगा।

### कई सीटें रह जाएंगी खाली...

प्रदेश के आठ निजी मेडिकल कॉलेजों में 741 और सरकारी कॉलेजों में 439 सीटें खाली हैं। विद्यार्थियों को डर है कि यदि दूसरे राउंड की काउंसलिंग समय पर नहीं हुई, तो कई सीटें खाली रह जाएंगी और इसका सीधा नुकसान छात्रों को होगा। छात्रों ने प्रशासन से काउंसलिंग प्रक्रिया को तेज करने और समय पर पूरा करने की मांग की है ताकि वे समय पर अपनी पढ़ाई शुरू कर सकें।









विचार-मंथन

# डोनाल्ड ट्रंप के फैसले का शुरू हुआ विरोध



राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के साथ ही जिस तरह डोनाल्ड ट्रंप ने आनन-फानन अनेक कड़े फैसले और एलान कर डाले, उससे स्वाभाविक ही दुनिया भर में तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे। सबसे कड़ा फैसला उन्होंने अमेरिका में जन्म के साथ ही हर बच्चे को स्वत- वहां की नागरिकता मिल जाने संबंधी कानून को रद्द करने का किया। इस पर तुरंत प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गईं। अब डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रभाव वाले वहां के बाईस राज्यों ने इस फैसले को अदालत में चुनौती दे दी है। भारतीय मूल के सांसदों ने भी इसका विरोध किया है। इसके अलावा, ट्रंप प्रशासन के अधीन काम करने वाली कई संस्थाओं ने इसे अदालत में चुनौती दी है। जाहिर है, ट्रंप प्रशासन के लिए इस फैसले पर आगे कदम बढ़ाना आसान नहीं रह गया है। जन्म के साथ नागरिकता का कानून अमेरिकी संविधान में वर्णित है, इसलिए उसे बदलने पर विरोध की आशंका पहले ही क्षण से जताई जाने लगी थी। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति को किसी कानून को लागू करने या बदलने को लेकर असीमित अधिकार प्राप्त हैं, पर वहां की कानून-व्यवस्था ऐसी है कि राष्ट्रपति भी उससे ऊपर नहीं हैं। दरअसल, ट्रंप शुरू से अवैध घुसपैठ और आव्रजन संबंधी नियमों में लचीलेपन के खिलाफ रहे हैं। अपने पिछले कार्यकाल में भी उन्होंने कहा था कि आव्रजन नियमों में कमजोरी का लाभ उठा कर बहुत सारे लोग दूसरे देशों से आ जाते हैं और वे अमेरिकी युवाओं का हक मारते और संसाधनों का उपभोग करते हैं। सीमाओं पर सख्त निगरानी न होने के कारण हर वर्ष लाखों लोग अवैध रूप से घुस आते हैं। ट्रंप ऐसे हर विदेशी नागरिक को अमेरिका से बाहर निकालना चाहते हैं। इसलिए शपथ ग्रहण के साथ ही उन्होंने सीमाओं पर आपातकाल लगा दिया और वहां सेना भेजने का फरमान जारी कर दिया। ऐसा नहीं कि ट्रंप से पहले अवैध घुसपैठियों पर नजर नहीं रखी जाती थी या गलत तरीके से आए लोगों को वापस नहीं भेजा जाता था। मगर ट्रंप जिस तरह विदेशी नागरिकों का वहां से सफाया करना चाहते हैं, उसे किसी भी लोकतांत्रिक देश का कदम नहीं माना जा सकता। अवैध घुसपैठ निस्संदेह अमेरिका के सामने बड़ी समस्या है और उससे निपटने के लिए कड़े कदम उठाने का विरोध नहीं किया जा सकता। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं कि वैध रूप से वहां रह रहे लोगों को भी नाहक निशाने पर ले लिया जाए। इससे विदेशी नागरिकों की मुश्किलें तो बढ़ेंगी ही, अमेरिका को भी भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। इंटरनेट की दुनिया में तेजी से बढ़ी वीडियो की मांग, समाज में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के रूप में सामने आया नया दर्जा शपथ ग्रहण से पहले जब ट्रंप ने घोषणा की थी कि वे एच वन-बी वीजा खत्म करेंगे, तब उनके करीबी एलन मस्क ने ही सबसे पहले उसका विरोध किया था। इसके पीछे वजह यही थी कि ऐसे फैसले से दूसरे देशों से तकनीकी विशेषज्ञों और कुशल लोगों को लाना कठिन हो जाएगा। अमेरिका बेशक दुनिया का संपन्न देश है, पर हकीकत यह भी है कि बहुत सारे तकनीकी मामलों में उसके पास कुशल और विशेषज्ञ नागरिक नहीं हैं। जिस तरह भारी शुल्क थोपने से दूसरे देशों में अमेरिका का भी बाजार सिकुड़ जाएगा, उसी तरह विदेशी नागरिकों को वहां से निकाल बाहर करने या प्रवेश रोकने पर उसके औद्योगिक उत्पादन पर बुरा असर पड़ सकता है। ट्रंप कुशल व्यवसायी हैं और इतने कड़े तथा व्यापक विरोध के बावजूद, वे नहीं चाहेंगे कि जन्मजात मिलने वाली नागरिकता के कानून पर विवाद लंबा खिंचे।

गणतंत्र दिवस पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक-शुभकामनाएं
26th January HAPPY REPUBLIC DAY
*** बधाईकर्ता ***
डोनी पोलो प्रा. उद्योग शामगढ़

## श्री सांवरिया सेठ नीमच से 4 को श्री सांवलिया सेठ के दरबार तक निकलेगी पैदल यात्रा

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री सांवलिया भक्त मंडल के तत्वाधान में होगा बैठक का आयोजन, तैयारियों को मूर्त रूप देने में जुटी टीम – रविवार को श्री किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर होगा बैठक का आयोजन नीमच। शहर से एक बार फिर मंडफिया नरेश श्री सांवलिया सेठ के दरबार तक निकलने वाली पैदल यात्रा को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा हैं। श्री सांवलिया भक्त मंडल के तत्वाधान में युवा समाजसेवी अरुल अशोक गंगानगर द्वारा नीमच से श्री सांवलिया सेठ तक दो दिवसीय पैदल यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसकी शुरुआत 04 फरवरी को प्रात: 10 बजे गुरुद्वारा चौराहा, सीआरपीएफ रोड़ से होगी। यात्रा की तैयारियों को मूर्त रूप देने के लिए भक्त मंडल तैयारियों में जुट गया हैं, और इसको लेकर तैयारिया भी जोरों–शोरो से प्रारंभ हो चुकी है। आपको बता दे की मंडफिया नरेश के प्रेमियों में भी काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। ओर यात्रा में शामिल होने के लिए श्री सांवलिया सेठ के भक्तों ने अपना पंजीयन



कराना भी प्रारंभ कर दिया है। यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देने तथा कार्य विभाजन व सेवा कार्यों की जिम्मेदारी सौंपने के लिए रविवार को दोपहर 12.15 बजे शहर के प्रसिद्ध श्री किलेश्वर महादेव मंदिर में श्री सांवलिया भक्त मंडल द्वारा एक विशेष बैठक आयोजित की गई हैं। बैठक में शहर के सभी गणमान्यजन व प्रतिष्ठित नागरिकों से उपस्थित होने का आग्रह किया गया हैं।

कार्यालय-ग्राम पंचायत खिलचीपुरा, जिला-मंदसौर
गणतंत्र दिवस पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक-शुभकामनाएं
26th January HAPPY REPUBLIC DAY
दिनेश इरवार
सचिव
ग्राम पंचायत खिलचीपुरा
इकबाल मेव
सरपंच
ग्राम पंचायत खिलचीपुरा

कार्यालय ग्राम पंचायत तितरोद
जनपद पंचायत सीतामऊ
की ओर से गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
*** नागरिकों से अपील ***
स्वच्छता बनाए रखे , जल ही जीवन है व्यर्थ न बहावे , पंचायत के सभी करो का भुगतान समय पर करे , आर्दश नागरिक बने।



नवीन कुमार पण्ड्यिा
सरपंच
चांदकुंवर पंवार
सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत खेड़ा
जनपद पंचायत सीतामऊ
की ओर से गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
*** नागरिकों से अपील ***
स्वच्छता बनाए रखे , जल ही जीवन है व्यर्थ न बहावे , पंचायत के सभी करो का भुगतान समय पर करे , आर्दश नागरिक बने।
श्रीमती ललिता धीरज पटेल
उपसरपंच
संजय सोलंकी
सहा.सचिव
विनोदकुमार शर्मा
सचिव
एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी ग्राम पंचायत खेड़ा,
जनपद पंचायत सीतामऊ, जिला–मंदसौर (मप्र.)



श्रीमती मंजू–राजेश पाटीदार
सरपंच

कार्यालय ग्राम पंचायत मोरखेड़ा
जनपद पंचायत सीतामऊ
की ओर से गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
*** नागरिकों से अपील ***
स्वच्छता बनाए रखे , जल ही जीवन है व्यर्थ न बहावे , पंचायत के सभी करो का भुगतान समय पर करे , आर्दश नागरिक बने।
श्रीमती दिलखुश रामसिंह जाट
सरपंच
रामलाल बड़गोती
सचिव

गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
********* बधाईकर्ता *********
एक शुभचिंतक

गणतंत्र दिवस
पर समस्त
जिलेवासियो को
हार्दिक बधाईयां
शुभकामनाएं
---बधाईकर्ता---
उत्कृष्ट क्वालिटी के रेडिमेड वस्त्रों के विक्रेता
साजन-सजनी गारमेंट्स
कालीदास मार्ग मंदसौर

कार्यालय ग्राम पंचायत लदूना, जनपद पंचायत सीतामऊ
गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
*** नागरिकों से अपील ***
स्वच्छता बनाए रखे , जल ही जीवन है व्यर्थ न बहावे , पंचायत के सभी करो का भुगतान समय पर करे , आर्दश नागरिक बने।
श्रीमती अंतरबाई भरतराम पाण्डे
सरपंच
महिपाल माली
उपसरपंच
कृष्णकांत पण्डिया
सचिव
एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी ग्राम पंचायत लदूना,
जनपद पंचायत सीतामऊ जिला-मंदसौर (मप्र.)


76 वें
गणतंत्र दिवस
की प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
संवैधानिक मूल्यों के साथ
मध्यप्रदेश का चौतरफा विकास
इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
अनंत संभावनाएँ
24-25 फरवरी 2025, भोपाल
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (GYAN) समाज के इन चार स्तंभों के सशक्तिकरण की मजबूत बुनियाद पर मध्यप्रदेश छुएगा विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयां
गरीब कल्याण मिशन के माध्यम से प्रदेश के गरीब और वंचितों को मिलेंगे आगे बढ़ने के हर संभव अवसर। वर्ष 2028 तक प्रदेश बनेगा गरीबी मुक्त।
स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल, रोज़गार और नेतृत्व क्षमता विकास से सुनिश्चित करेगा युवाओं का सशक्तिकरण।
देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन महिलाओं के शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करेगा।
किसान कल्याण मिशन के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार किसानों की आय वृद्धि के साथ ही कृषि को अधिक लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए समर्पित है।
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11167/24



# वाहन रैली निकालकर पढ़ाया जागरुकता का पाठ

**भानपुरा, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद द्वारा सम्पूर्ण जिले के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को जिले मे बढती सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने हेतु आम जन को जागरूक करने को आदेश किया गया था। इसी के तहत भानपुरा पुलिस द्वारा वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली निकालकर जागरुकता का पाठ पढ़ाया गया।**

वाहन रैली के शुभारंभ से पहले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ श्रीमति हेमलता, एसडीओपी गरोठ राजाराम धाकड तथा मंच पर उपस्थित अतिथियो द्वारा भानपुरा पुलिस फोर्स को कोरोना योद्धा पदको का वितरण किया जाकर प्रेस क्लब के पत्रकार साथियों तथा पुलिस फोर्स को नि:शुल्क हेलमेट उपलब्ध कराये गये। बाद थाना परिसर से वाहन रैली को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वाहन रैली पुराना बस स्टैण्ड होते हुए,नया बस स्टैण्ड, लोटखेडी तिराहा, चम्बल तिराहा होते पुन: थाना परिसर पहुची। जहां सभी को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन मे सीटबेल्ट का उपयोग करने की शपथ दिलाई गई।

थाना परिसर मे आयोजित कार्यक्रम मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ श्रीमति हेमलता कुरील, एसडीओपी गरोठ राजाराम धाकड, तहसीलदार भानपुरा विनोद कुमार शर्मा, पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़, नगर परिषद अध्यक्ष शिव भानपिया, सनातन धर्म मण्डल अध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार सोनी, अध्यक्ष पत्रकार संघ भानपुरा लालचंद्र रूद्रवाल तथा अन्य पत्रकार तथा गणमान्य नागरिक रैली मे शामिल हुए। हेलमेट मोटरसाइकिल रैली मे करीब 100 मोटरसाईकिल होकर रैली मे करीब 150 लोगो ने शामिल होकर रैली को सफल बनाया व जागरूकता का संदेश दिया। उक्त आयोजन की नगरवासियों द्वारा भूरी- भूरी प्रंशसा की गई। समाप्ति पर थाना प्रभारी भानपुरा निरीक्षक रमेशचन्द्र दांगी द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियो, गणमान्य लोगो का आभार व्यक्त किया गया।

# भाजपा महिला मोर्चा ने स्व. राजमाता सिंधिया जी की पुण्यतिथि मनाई



**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राज्य सभा सांसद भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया जी नारोलिया, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश जी दीक्षित के निर्देशानुसार भाजपा महिला मोर्चा द्वारा स्व राजमाता जी सिंधिया की पुण्य तिथि 25 जनवरी पर भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष निर्मला गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय पर श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाई गई।कार्यक्रम को नवनिर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय राजमाता जी बड़े घराने की होकर भी सामान्य महिला की तरह संगठन के कार्य करती रहती थी। उन्होंने अपने जीवन काल में महिला मोर्चा को आगे बढ़ाया कई बार सांसद का चुनाव लड़ी। भाजपा की राष्ट्रीय पदाधिकारी रहते हुए स्वर्गीय राजमाता जी सिंधिया ने महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुषमा जी आर्य ने कहा कि राजमाता जी जनसंघ की स्थापना से ही पार्टी का कार्य करती रही। नगर पालिका अध्यक्ष रमा जी गुर्जर नगरी नगर पंचायत अध्यक्ष संगीता बगड़ ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुनीता गुजरिया ने किया और आभार महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रानू भावसार ने माना। कार्यकम में मंडल अध्यक्ष किरण मंडोवरा , गंगा बैरागी ,भावना पमनानी, पपीता पाटीदार ,अंजू धाकड़ ,निर्मला जैन, पार्षद कौशल्या बंधवार ,रेखा सोनी, गरिमा भाटी , मेना टेलर ,उषा कुमावत ,सुधा फरक्या अनिता नागर सहित महिला मोर्चा की समस्त बहनों ने कार्यकम में सहभागीता की। उक्त जानकारी महिला मोर्चे की मीडिया प्रभारी विद्या कड़ौतिया ने दी।


# संविधान गौरव अभियान अंतर्गत भाजपा ने सभी मंडलों में किया संगोष्ठी का आयोजन




**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में मंदसौर जिले के प्रत्येक मंडल में आज दिनांक 25 जनवरी को संविधान गौरव अभियान अंतर्गत जिले के समस्त मंडलों में वृहद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्यवक्तागण मंदसौर विधानसभा के मंडल मगरामाताजी में सुधीर गुप्ता, धुंधडका मंडल में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, मंदसौर विधानसभा के उत्तर एवं दक्षिण मंडल में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित, शामगढ़ मंडल में विधायक हरदीपसिंह डंग, भैसोदा मंडल में पूर्व विधायक देवीलाल धाकड, भानपुरा मंडल में सुनील पटेल , सीतामऊ मंडल में सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौड, मंदसौर ग्रामीण मंडल में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल कियावत, पिपल्यामंडी मंडल में पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, गरोठ मंडल में अजय तिवारी, खडावदा मंडल में रणजीतसिंह चौहान, मेलखेडा मंडल में राजेश सेठिया, सुवासरा मंडल में पूर्व विधायक राधेश्याम पाटीदार, बूढा मंडल में मानसिंह माच्छोपुरिया, बसई मंडल में विक्रमसिंह महुआ, सीतामऊ ग्रामीण मंडल में उमेश चावला, कयामपुर मंडल में हिम्मत डांगी, गुर्जरबर्डिया मंडल में शिवराजसिंह राणा, मल्हारगढ मंडल में नरेन्द्र पाटीदार आदि के आतिथ्य में भाजपा मंडल अध्यक्षगण भैसोदा उमेश पाटीदार, भानपुरा आदित्य मंगरोलिया, गरोठ गोकुलसिंह चौहान, खडावदा सीताराम चारण, मेलखेडा महेन्द्र पहाडिया, शामगढ मंडल नीलकमल मेहता, सुवासरा दिलीपसिंह तरनोद, बसई जुझारसिंह गुर्जर, सीतामऊ ग्रामीण धनसुख पाटीदार, सीतामऊ जितेन्द्र बामनिया, कयामपुर महेन्द्रसिंह गौड, धुंधडका राजेश धाकड, गुर्जरबर्डिया भेरुलाल सेन, पिपल्यामंडी राकेश पाटीदार, मल्हारगढ आशीष विजयवर्गीय, बूढा सुनील शर्मा, दलौदा विकास सुराणा, मगरामाताजी गोपाल पाटीदार, मंदसौर ग्रामीण नेपालसिंह, मंदसौर उत्तर अरविंद सारस्वत, मंदसौर दक्षिण विनोद डगवार की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुई। इस अवसर पर संबंधित मुख्यवक्ताओं ने अपने-अपने मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के बीच संविधान गौरव अभियान अंतर्गत उदबोधन देते हुवें कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि इस देश में शरिया कानून नहीं चलेगा, बाबा साहब ने सभी के लिए समान अधिकारों की बात कही। बाबा साहब को कांग्रेस ने भारत रत्न का सम्मान नहीं दिया। बाबा साहब अंबेडकर जी का सबसे ज्यादा सम्मान भाजपा ने किया है। कांग्रेस ने जातिवाद फैलाने का काम किया जबकि बाबा साहब जातिवाद के विरोधी थे। कांग्रेस ने यह भ्रम फैलाया की भाजपा बाहुल्य होने से संविधान को बदल देगी जबकि कांग्रेस ने 88 बार संविधान का दुरुपयोग कर विरोधी सरकारों को गिराने का काम किया। कांग्रेस केवल बाबा साहब के नाम से वोटो की फसल काट रही है, अंग्रेजो की तरह कांग्रेस भी फूट डालो व राज करो की नीति पर चल रही है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी नेतृत्व में भाजपा सरकार भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सपनों के भारत का निर्माण कर रही है। संविधान गौरव अभियान अंतर्गत हम सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करने का संकल्प लेकर बाबा साहब के प्रति पार्टी की निष्ठा को जन-जन तक पहूँचाने का कार्य करना होगा।




कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति, शामगढ़
गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं




समस्त कृषक बंधुओं से अनुरोध है कि -
* अपनी कृषि उपज साफ स्वच्छ कर मंडी प्रांगण में लावे ताकि उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। * अपनी कृषि उपज का भुगतान उसी दिन प्राप्त करें। * भुगतान प्राप्त न होने की दशा में कार्यालय में शिकायत दर्ज कराये। * समस्त व्यापारी बंधु, कृषक बंधु, हम्माल बंधु तथा तुलावटी बंधुओं से अनुरोध है कि मंडी के सफल संचालन में सहयोग प्रदान करें।

आनंदसिंह ठाकुर, सचिव
विवेक आर्य, लेखापाल
प्रियंका शर्मा, तहसीलदार एवं भारसाधक अधिकारी









# प्रभारी मंत्री परेड की सलामी लेगी, तैयारियां पूर्ण



**नीमच, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले में आज 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस समारोह परम्परांगत गरिमा के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह जिला मुख्यालय नीमच के शा.बा.उ.मा. विद्यालय क्रं.-2 नीमच पर आयोजित होगा। समारोह में विभिन्न विभागों के उत्कृष्टकर्मचारियों को पुरस्कारों का वितरण भी किया जाएगा। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योंजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति पर आधारित झांकियां निकाली जाएगी। नीमच में गणतंत्र दिवस के मुख्यी समारोह में प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ध्वजोत्तोलन कर भव्य परेड की सलामी लेगी। जिले में गणतंत्र दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

गणतंत्र दिवस पर आज जिले के सभी शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थाओं मे प्रात: 8 बजें झण्डार वंदन किया जाएगा। मुख्य समारोह में प्रात:9.00 बजे प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ध्वजोत्तोलन कर, आयोजित भव्य परेड की सलामी लेंगी तथा प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेगें। परेड में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल नीमच, सशस्त्र पुलिस बल, जिला पुलिस बल के जवानों और वन विभाग, नगर सेना एंव एन.सी.सी.सीनियर डिवीजन स्काउट की टुकडी भी शामिल होगी। इस अवसर पर नगरपालिका, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, आदिम जाति कल्याण, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण, जिला पंचायत, उद्यानिकी, जल संसाधन, ग्रामीण यांत्रिकी, महिला एंव बाल विकास विभाग सहित विभिन्न 14 विभागों द्वारा विकास गतिविधियों एवं योजनाओं पर आधारित आकर्षक झांकिया भी निकाली जाएगी। गणतंत्र दिवस पर विकासखंड, नगरीय निकाय, पंचायत एवं ग्राम स्तार पर भी गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया जावेगा और स्कूली बच्चों की प्रभात फैरी भी निकाली जायेगी।




# जिले में समारोहपूर्वक मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

## कलेक्टर ने दिलाई मतदाता दिवस की सामुहिक शपथ, निर्वाचन के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

**नीमच, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में 25 जनवरी 2025 को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला पंचायत सभाकक्ष में वोट जैसा कुछ नही, वोट डालेगें हम थीम पर जिला स्तरीय मतदाता दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टटर श्री हिमांशु चंद्रा, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रीती संघवी, डिप्टीं कलेक्टर श्री संजीव साहू सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने निर्वाचन के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किये गये उत्कृाष्टेकायों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर, सम्मानित किया गया। उपस्थित नवीन मतदाताओं का सम्मान भी किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता दिवस की थीम वोट जैसा कुछ नही, वोट डालेगें हम थीम पर आधारित निबंध प्रतियोगिता के प्रथम, द्धितीय एवं तृतीय विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में योगदान देने उत्कृरष्ट बीएलओं, सुपरवाईजर, कैम्पूस एम्बेसेडर, जिले में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्धितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला पंचायत परिसर में उपस्थितजनों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। समारोह में तीनों विधानसभा क्षैत्र जावद, नीमच एंव मनासा के प्रतिकस्वरूप नवीन मतदाताओं, बीएलओ को एवं निर्वाचन के दौरान किये गये विभिन्न दायित्वों का सक्रीय एवं तत्परतापूर्वक निर्वहन करने प्रशिस्त पत्र प्रदान कर, सम्मानित किया गया। निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छत्राओं को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.राजेश पाटीदार ने किया, तथा उप जिला निर्वाचन श्री संजीव साहू ने आभार माना। जिले में उपखण्ड स्तर एवं मतदान केन्द्र स्तर पर भी 15वां राष्ट्री य मतदाता दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया है। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रिती संघवी, डॉ.रश्मि श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना व जिला अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ञवलित किया। एसडीएम डॉ.ममता खेडे, श्री संजीव साहू, निर्वाचन सुपरवाईजर श्री अजय शुक्ला सहित विभिन्न अधिकारियो ने अतिथियों को मतदाता दिवस का बैज लगाकर स्वागत किया।

## हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर चित्र प्रदर्शनी सम्पन्न

**नीमच, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** लोकतंत्र का उत्सव भारत पर्व का आयोजन आज 26 जनवरी 2025 को नीमच के टाउनहॉल में शाम 6 बजे से किया गया है। भारत पर्व में संस्कृरति विभाग, स्व्राज संस्थारन संचालनालय के कलाकारो व्दारा प्रस्तुति दी जावेगी। साथ ही, स्थाानीय कलाकार एवं छात्र-छात्राओं द्वारा भी देश भक्ति पूर्ण कार्यक्रम प्रस्तु त किये जायेगें। लोकगीत एवं स्थानीय लोक कलाओं का प्रदर्शन भी भारत पर्व में किया जाएगा। भारत पर्व पर जनसम्पर्क विभाग व्दारा जन-कल्या णकारी योजनाओं और विकास गतिविधियों पर आधारित एवं हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर ने सभी विभागों के अधिकारियों से अपने स्टाफ के साथ समारोह में उपस्थित होने का आगृह किया हैं। उन्होने जिले के नागरिकों से भी इस भारत पर्व में उपस्थित होकर, लाभ उठाने का आगृह किया हैं। लोकतंत्र के उत्सहव भारत पर्व में संस्कृेति विभाग, स्व राज संस्थायन संचालनालय भोपाल के कलाकारों के दलों द्वारा देश भक्ति पूर्ण गीतों एवं लोक नृत्यं की प्रस्तुति दी जावेगी। भारत पर्व में संस्कृ्ति विभाग के कलाकार भोपाल के श्री तापस कुमार गुहा एवं पांच सदस्यी्य कलाकारों के दल द्वारा देश भक्ति गीतों एवं उज्जै न के लोकनृत्या कलाकार सुश्री स्नेयहा गेहलोद एवं 6 सदस्यीभय दल द्वारा लोकनृत्यि की प्रस्तुति दी जावेगी। नीमच शहर एवं जिले के नागरिकों से भारत पर्व में उपस्थित होकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करने का आगृह किया गया है।


















# कर्मचारियों के लिये बुढ़ापे की लाठी पुरानी परिवार पेंशन योजना अविलंब बहाल की जाये

## मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने दिया ज्ञापन

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला शाखा मंदसौर द्वारा 25 जनवरी, शनिवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नाम सांसद श्री सुधीर गुप्ता को उनके निवास पर ज्ञापन देकर एन.पी.एस.यू.पी.एस. को समाप्त कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की।

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष पी.के. झा ने बताया कि सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ के 16 दिसम्बर 2024 (जीईएनसी) द्वारा लिये गये निर्णय के तारतम्य में यह ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा कि करोड़ों केन्द्रीय कर्मचारियों एवं राज्य कर्मचारियों के लिये आठवें वेतन आयोग के गठन करने के लिये म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ आभार व्यक्त करता है लेकिन 1 जनवरी 2005 से म.प्र. सरकार ने पुरानी पेंशन योजना बंद करके नई पेंशन योजना लागू कर दी है जिसके कारण चलते कर्मचारियों का सेवानिवृत्ति के पश्चात् का भविष्य अंधकारमय हो गया है। ज्ञापन में नई पेंशन योजना और पुरानी पेंशन योजना का तुलनात्मक विवरण भी प्रस्तुत कर बताया कि कर्मचारियों के लिये नई पेंशन योजना कितनी नुकसानदायक है। कोई भी कल्याणकारी सरकार अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के बुढ़ापे की चिंता करती है कर्मचारी अपनी जवानी का संपूर्ण समर्पण सरकारी सेवा में दे देता है वह इसलिए करता है कि उसके वृद्धावस्था पर सरकार उसके जीवन यापन में आने वाली कठिनाइयों में सुगमता प्रदान करेगी राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ पंजाब, झारखण्ड एवं अन्य कुछ राज्यों की सरकारों ने वहां के कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का निर्णय लिया है। यदि एनपीएस को बंद कर ओ. पी. एस. लागु कर दिया जावे तो शासन को प्रतिमाह 14: राशि जमा नहीं करनी होगी जो प्रतिमाह करोड़ों रुपये होती है। तथा शेयर मार्केट में जमा राशि में से कर्मचारी के हिस्से की राशि संबंधित के जी. पी. एफ. में मर्ज कर शासन के हिस्से को पेंशन के लिये उपयोग में लिया जा सकता है। जिससे सरकारो पर आर्थिक भार आने के स्थान पर बचत होगीं। अत: केन्द्रीय कर्मचारियों एवं राज्य कर्मचारियों के लिये बुढ़ापे की लाठी पुरानी परिवार पेंशन योजना अविलंब बहाल की जाये।

इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष पी.के. झा, जिला पर्यावरण संयोजक दिनेश पंवार, श्री मैसूर श्री डामोर, बृजेश सुमन, सुरेंद्र सिंह धाकड, जितेंद्र चौहान, चेतन पाटीदार, गणेश पटेल, उषा कार्यकर्ता जिला प्रमुख भारती सोलंकी आदि ने उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने दारु व दुदरसी में किया भ्रमण



**नीमच, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शनिवार को नीमच तहसील के ग्राम दारू एवं दुदरसी का भ्रमण कर, राजस्व महाअभियान के तहत राजस्व अमले द्वारा किए जा रहे किसानों के ई-केवायसी एवं फार्मर रजिस्ट्री कार्यो का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने राजस्व अमले को बटांकन एवं नक्कशा तरमीम का भी कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्ट र ने राजस्व महाअभियान के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा कर, खसरा, ई-केवायसी करवाने, फार्मर रजिस्ट्री करवाने एवं नक्क्षा बटांकन का कार्य करवाने की समझाईश दी। उन्होने राजस्व अमले को घर-घर सम्पर्क कर, शेष रहे खसरा, ई-केवायसी एवं फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर एसडीएम डॉ.ममता खेडे व अन्य अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम संपन्न



**नीमच, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय महात्मा गांधी महाविद्यालय में 24 जनवरी, 2025 को जनभागीदारी समिति-अध्यक्ष श्री युगल डाढ के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य डॉ.आर.सी.मेघवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में समाज के उत्थान में बालिकाओं की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसी कडी में बालिका आधारित मोटिवेशनल लघु वीडियो फिल्म प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को दिखाई गई। साथ ही संविधान पर निर्मित फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। निबंध प्रतियोगिता में पायल मुंगेरिया बीकॉम तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संभाग स्तर पर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने एवं नेशनल खेलने पर अनीता शर्मा बीए प्रथम वर्ष तथा क्रिकेट प्रतियोगिता में संभाग खेलने पर गायत्री धनगर एम.ए.(हिंदी) चतुर्थसेम को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालयीन स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।


गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं




***** बधाईकर्ता *****
दिनेश राठौर
मनासा, जिला-नीमच (म.प्र.)

कार्यालय नगर परिषद भानपुरा, जिला मंदसौर(म.प्र.)
26 जनवरी गणतंत्र दिवस 2025 के राष्ट्रीय पर्व पर
देशवासियों, जिले एवं नगर की समस्त जनता को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
एवं वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, वीर शहिदों को शत् - शत् नमन
****** नागरिकों से अपील ******
* नगर को सुंदर बनाने हेतु अधिक से अधिक पौधारोपण करें।
* नगर में प्लास्टिक थैलियों का उपयोग पूर्ण रुप से प्रतिबंधित है।
* जल ही जीवन है, जल की बूंद-बूंद बचाएं
* नगर परिषद के करों का समय पर भुगतान करें व पेनेल्टी से बचे।
* शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अवश्य उठावें।
विनोद शिव भानपिया, अध्यक्ष, नगर परिषद भानपुरा
श्रीमती रेहाना डॉ. जाकिर हुसैन, उपाध्यक्ष, नगर परिषद भानपुरा
विनोद शर्मा, मु.न.पा. अधिकारी, नगर परिषद भानपुरा
एवं समस्त पार्षदगण व नगर पालिका कर्मचारी नगर परिषद भानपुरा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर
समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
+
विनस कम्प्यूटर्स, कालाखेत, गौतम नगर
झंवर इंटरप्राईजेस, कालीदास मार्ग, मंदसौर
जगदीश टी डिपो, कालीदास मार्ग, मंदसौर
झंवर मेडिकोज, नयापुरा रोड़ मंदसौर

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति दलौदा
सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रांगण, महू-नीमच रोड़, जिला मंदसौर मप्र
गणतंत्र दिवस पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
*********** अपील ***********
समस्त कृषक बंधुओ से अनुरोध है कि * अपनी कृषि उपज साफ स्वच्छ कर मंडी प्रांगण में लावे ताकि उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सकें। * अपनी कृषि उपज का भुगतान उसी दिन प्राप्त करें। भुगतान प्राप्त नही होने की दशा में कार्यालय में शिकायत दर्ज करायें। * मंडी समिति दलौदा में 5/- रुपए प्रति थाली भोजन योजना संचालित है। अतः मंडी प्रांगण में आने वाले समस्त कृषक बंधु अधिक से अधिक संख्या में योजना का लाभ प्राप्त करें। * समस्त व्यापारी बंधु, कृषण बंधु, हम्माल बंधु तथा तुलावटी बंधुओ से अनुरोध है कि मंडी के सफल संचालन में सहयोग प्रदान करें।
(एच.एल. मालवीय) सचिव
(निलेश पटेल) तहसीलदार एवं भार साधक अधिकारी

हंस वाहिनी हाई स्कूल नाहरगढ़
गणतंत्र दिवस पर समस्त किसानों,
व्यापारी बंधुओं व क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई शुभकामनाएं



कपिल माली
प्रधानाध्यापक
कक्षा-LkG से10वी तक
पता-बाय पास रोड़ नाहरगढ़, जिला-मंदसौर

गणतंत्र दिवस पर समस्त किसानों,
व्यापारी बंधुओं व क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई शुभकामनाएं
हाई टीच एजुकेशन







नई आबादी नाहरगढ़, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत धुंधड़का, जिला मंदसौर
26 जनवरी गणतंत्र दिवस 2025 के राष्ट्रीय पर्व पर
देशवासियों, जिले एवं नगर की समस्त जनता को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
*** नागरिकों से अपील ***
स्वच्छता बनाए रखे , जल ही जीवन है व्यर्थ न बहावे , पंचायत के सभी करो का भुगतान समय पर करे आर्दश नागरिक बने।
लोकपालसिंह सिसोदिया, सरपंच, ग्राम पंचायत धुंधड़का
प्रेमबाई नाथुलाल सरगरा, उप सरपंच, ग्राम पंचायत धुंधड़का
जगदीश धाकड़, सचिव, ग्राम पंचायत धुंधड़का
एवं समस्त ग्रामवासी एवं पंचगण ग्राम पंचायत धुंधड़का

वृहताकार प्राथमिक कृषि साख संस्था सूंठी
गणतंत्र दिवस पर समस्त किसानों,
व्यापारी बंधुओं व क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई
शुभकामनाएं
---बधाईकर्ता---
श्री राकेश चौधरी, प्रबंधन
श्री दीपक आर्य, प्रशासक

वृहताकार प्राथमिक कृषि साख संस्था नाहरगढ़
गणतंत्र दिवस पर समस्त किसानों, व्यापारी बंधुओं व क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
---बधाईकर्ता---
श्री पवन जैन, प्रबंधन
श्री दीपक आर्य, प्रशासक

वृहताकार प्राथमिक कृषि साख संस्था जग्गाखेड़ी
गणतंत्र दिवस पर समस्त किसानों, व्यापारी
बंधुओं व क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई शुभकामनाएं
---बधाईकर्ता---
श्री विजयसिंह पंवार, प्रबंधन
श्री दीपक आर्य, प्रशासक

# सुशासन भवन में मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस



**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अदिति गर्ग द्वारा सुशासन भवन में जिला अधिकारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाताओं को फोटोयुक्त पहचान पत्र (ईपिक कार्ड) भी वितरित किए गए। इस दौरान मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित निबंध, चित्रकला, स्लोगन व वादविवाद प्रतियोगिताओं के प्रथम तीन विजेताओं को पुरूस्कार एवं प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए। पर्यवेक्षक डॉ ज्योती नवहाल द्वारा लिखीत मतदाता जागरूकता गीत पुस्तक का कलेक्टर द्वारा विमोचन किया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा भेजे गये विडियों संदेश को देखा एवं सुना। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रविन्द्र परमार, जिलाधिकारी, युवा मतदाता मौजूद थे।

मध्यप्रदेश में भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने का सिलसिला वर्ष 2011 से प्रारंभ हुआ है। अन्य राज्यों की तरह मध्यप्रदेश में भी लोकतंत्र के इस पवित्र उत्सव को प्रतिवर्ष 25 जनवरी को पूरे उत्साह और उमंग के साथ राज्य, जिला एवं प्रत्येक मतदान केन्द्र स्तर पर मनाया जाता है। लोकतंत्र को मजबूत करने और मतदाता जागरूकता के लिये आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में सभी वर्ग के लोग भाग लेते हैं। मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन का यह 15 वा अवसर है। मध्यप्रदेश के मतदाताओं को ईवीएम की विश्वसनीयता और पारदर्शिता से अवगत करवाया गया है। ईवीएम के साथ वीवी पैट के उपयोग की जानकारी मतदाताओं को देने के लिये भी व्यापक पहल की गई है।

**मतदाता दिवस के अवसर पर ली गई शपथ–** हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिकपरम्पराओंकी मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## गणतंत्र दिवस का मिनट टू मिनट कार्यक्रम

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गणतंत्र दिवस पर जिला मुख्यालय पर राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय मन्दसौर के क्रीडा परिसर में जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन होगा। तय कार्यक्रम अनुसार प्रात: 8.55 बजे मुख्य अतिथि का आगमन, प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण, राष्ट्रगान की धुन, प्रात: 9.05 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, प्रात: 9.17 बजे माननीय मुख्यमंत्रीजी का संदेश वाचन, प्रात: 9.37 बजे परेड द्वारा हर्ष फायर, प्रात: 9.45 बजे परेड द्वारा मार्च पास्ट, प्रात: 10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रात: 10.30 बजे झॉंकियों का प्रदर्शन, प्रात: 10.45 बजे पुरुस्कार वितरण एवं प्रात: 10.55 बजे कार्यक्रम का समापन होगा।

## आज सुशासन भवन में होगा झण्डावंदन

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी को कलेक्टोरेट कार्यालय (सुशासन भवन) मंदसौर में सुबह 8 बजे झण्डा वंदन कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग द्वारा झंडा वंदन किया जाएगा।

**कलेक्टर श्रीमती गर्ग करेंगे ध्वजारोहण–** गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी को जिला मुख्यालय पर राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय मन्दसौर के क्रीडा परिसर में जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह पर कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ध्वजारोहण करेंगे।

## भारत पर्व पर होंगे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व आयोजित किया जायेगा। भारत पर्व में मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग होंगी। भारत पर्व 26 जनवरी को सायंकाल 6 बजे से कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम शासकीय महाविद्यालय मंदसौर में आयोजित किया जायेगा। भारत पर्व में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती होगी। प्रसिद्ध कबीर गायन, श्री तारासिंह डोडवे, इन्दौर एवं श्री मथुरा प्रसाद प्रजापति, भोपाल द्वारा बुंदेली लोकनृत्य पर प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही राष्ट्रीय देशभक्ति गीत भजन, कबीर गायन एवं पारंपरिक लोकगीत भजन की प्रस्तुति दी जाएगी।

# टी-20 टीम ऑफ द ईयर के कैप्टन रोहित शर्मा को चुना गया, 4 भारतीयों ने मचाया धमाल

**दुबई, 25 जनवरी।** रोहित शर्मा को आईसीसी पुरुष टी20 टीम ऑफ द ईयर का कप्तान चुना गया है, जबकि हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह भी अपने कप्तान के साथ स्टार खिलाडि?ों से सजी इस टीम में शामिल हैं। रोहित के नेतृत्व में, भारत ने पिछले साल बारबाडोस में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था, जिसके बाद उन्होंने इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। भारतीय तेज गेंदबाजों की तिकडी भी विजेता टीम का हिस्सा थी।

अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने अपनी बल्लेबाजी की महारत का प्रदर्शन करते हुए 11 मैचों में 42.00 की शानदार औसत और 160 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 378 रन बनाए। रोहित ने टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं, जिसमें सुपर आठ चरण में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 92 रनों की विस्फोटक पारी भी शामिल है। अपनी बल्लेबाजी के अलावा, रोहित के चतुर नेतृत्व ने दबाव भरे क्षणों में एक युवा भारतीय टीम का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनके नेतृत्व ने सुनिश्चित किया कि वह वर्ष उनके देश के लिए यादगार रहेगा। पांड्या ने 2024 में शानदार प्रदर्शन के साथ सबसे छोटे प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि की, जिससे वह आईसीसी पुरुष टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर आ गए। 17 मैचों में 352 रन बनाने और 16 विकेट लेने वाले पांड्या का योगदान भारत के लिए एक सफल वर्ष में महत्वपूर्ण था, जिसने उन्हें 20 ओवर के प्रारूप में विश्व चैंपियन का ताज पहनाया। 31 वर्षीय खिलाड़ी ने यूएसए और वेस्टइंडीज में शानदार प्रदर्शन किया।

जहां उन्होंने बल्ले से 144 रन बनाए, इसके अलावा 11 विकेट भी लिए, जिसमें फाइनल में प्रोटियाज के खिलाफ अंतिम ओवर में 16 रन बचाकर भारत को जीत दिलाना भी शामिल है। इस खेल में उन्होंने 2024 में 3/20 के अपने सर्वश्रेष्ठ आंकडे के साथ चमक बिखेरी। ऑलराउंडर ने बल्ले से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बांग्लादेश के खिलाफ ग्रुप-स्टेज में किया, जिसके खिलाफ उन्होंने नाबाद 50 रन बनाए। भारत के तेज गेंदबाज बुमराह की 2024 में टी20 क्रिकेट में वापसी शानदार रही, क्योंकि दाएं हाथ के तेज गेंदबाज की सटीक यॉर्कर और डैथ ओवरों में महारत भारत के खिताब जीतने के अभियान में अहम रही। उन्होंने आठ मैचों में 8I26 की जबरदस्त औसत से 15 विकेट लिए, जिससे उन्हें खेलना लगभग असंभव हो गया। विश्व कप से परे, बुमराह की सभी प्रारूपों में निरंतरता ने विश्व क्रिकेट में प्रमुख तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में उनकी स्थिति की पुष्टि की। बुमराह के काम का यह भी मतलब है कि वह आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर के रूप में सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी के लिए नामांकित होने की दौड़ में हैं।

# पांच हजार की मांगी थी रिश्वत, पटवारी को चार साल की सजा

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। पांच हजार की रिश्वत मांगने वाले पटवारी को चार साल जैल की हवा खाना पड़ेगी। विशेष न्यायधीश (भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय) मंदसौर द्वारा आरोपी कमलेश खराड़ी, पटवारी तहसील गरोठ जिला मंदसौर को रिश्वत लेने का दोषी पाते हुए 4 साल का सश्रम कारावास व 10 हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया।**

जिला अभियोजन अधिकारी निर्मलासिंह चौधरी द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मामला इस प्रकार है कि फरियादी/आवेदक बगदीराम की पैतृक प.ह.नं. 32 ग्राम ढाकनी तह. गरोठ जिला मंदसौर में स्थित जमीन उसकी माँ और बहन सजनबाई और संतोषबाई के नाम से खसरे में दर्ज थी। उक्त पैतृक जमीन किसी अन्य व्यक्ति मदनसिंह पिता चंदरसिंह के नाम पर दर्ज कर दी गई थी। उक्त नाम को सुधारने के लिए आरोपी कमलेश खराड़ी पटवारी द्वारा आवेदक बगदीराम से 40 हजार रूपए रिश्वत की मांग की गई। (फिर बाद में पटवारी 5 हजार रूपए रिश्वत लेने के लिए सहमत हो गया था) फरियादी बगदीराम पटवारी को रिश्वत देना नहीं चाहता था, उसे रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। इसलिए उसने लोकायुक्त में शिकायत की। उक्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुए निरीक्षक हितेश पाटील के निर्देशन में ट्रैप दल का गठन किया गया। तत्पश्चात ट्रैप दल द्वारा कार्यवाही करते हुए 28 दिसम्बर 2018 को अभियुक्त कमलेश खराड़ी पटवारी को उसके निजी कार्यालय गरोठ में आवेदक बगदीराम से 05 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा था। इसके बाद लोकायुक्त पुलिस द्वारा विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण मंदसौर के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा विचारण उपरांत जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा रखे गये तथ्यों एवं तर्को से सहमत होकर आरोपी कमलेश खराड़ी को धारा-7 भ्रष्टाचार नि. अधि. 1988 संशोधित अधिनियम 2018 के तहत 4 वर्ष का कठोर कारावास एवं 10 हजार रू. अर्थदण्ड से दंडित किया गया।प्रकरण में अभियोजन का संचालन जिला लोक अभियोजन अधिकारी निर्मला सिंह चौधरी द्वारा किया गया।

## श्रीमती जेतावत का मरणोपरांत नेत्रदान

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमती सुशीलाबाई पति कन्हैयालालजी जेतावत के निधन पर जेतावत नौगांव वाला परिवार ने लायंस क्लब के माध्यम से उनके नेत्रदान कर समाज के लिए एक अनुकरणीय कार्य किया है। इनके इस दान से 2 लोगों की जिंदगी रोशन होगी। नेत्र उत्सर्जन लायन डॉ विक्रांत भावसार द्वारा किया गया।

क्लब अध्यक्ष जितेन्द्र पोरवाल ने परिजनों द्वारा लिये इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि जेतावत परिवार से सभी प्रेरणा ले तथा नेत्रदान के प्रति जागरूक हो। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन जितेन्द्र पोरवाल, सचिव सिद्धार्थ पोरवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन सीए विकास भंडारी, रत्नेश कुदार ने स्व. श्रीमती जेतावत को श्रद्धांजलि अर्पित कर जेतावत परिवार का आभार व्यक्त किया।



## एसडीएम ने राजस्व महाअभियान का जायजा लिया

**नीमच, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड ने उपखण्ड्जावद के गांवों का भ्रमण कर, शनिवार को राजस्व महाअभियान के तहत राजस्व अमले द्वारा किए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री , बटांकन एवं खसरा, ई-केवायसी कार्य का निरीक्षण कर, जायजा लिया। एडीएम ने राजस्व अमलें को घर-घर जाकर, शेष किसानों के खसरा, ई-केवायसी एवं फार्मर रजिस्ट्री तथा बटांकन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# स्व सहायता समूह संचालित कर रही उचित मुल्य दुकान

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र.डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखण्ड मंदसौर के अंतर्गत ग्राम पंचायत दाउदखेडी से अलग होकर नवीन ग्राम पंचायत हैदरवास का चयन हुआ। नवीन ग्राम पंचायत हैदरवास में प्रभारी विकासखण्ड प्रबंधक श्री कुँवर सिंह ठाकुर (7354645463) के प्रयासों से गायत्री स्व सहायता समूह का गठन किया गया। जिसमें बैठक के माध्यम से गायत्री स्व सहायता समूह की दीदीयों द्वारा उचित मुल्य की दुकान हेतु प्रस्ताव रखा जिसमें प्रभारी द्वारा विज्ञप्ति के माध्यम से खाद्य विभाग के अधिकारियो से चर्चा कर आवेदन आनलाईन करवाया गया।

चूँकि ग्राम हैदरवास के परिवारों द्वारा पूर्व में राशन लेने के लिये 05 कि.मी. दुर ग्राम दौलतपुरा में राशन लेने जाना पड़ता था। हैदरवास के परिवारों को कई बार राशन दुकान बंद होने से पुन: लौटना पडता था और यह परिवार इस माह का राशन लेने से वंचित हो जाते थे। इन सब चीजों को ध्यान में रखते हुए स्व सहायता समूह द्वारा राशन दुकान का संचालन प्रारंभ किया गया। वर्तमान में कुँ रेखा मसार द्वारा सुनियोजित तरीके से राशन दुकान का संचालन किया जा रहा है। जिसमें खाद्य विभाग से कुल 125 परिवारों को गेहूँ चावल/नमक/शक्कर



आदि आवंटन के अनुसार परिवारो को राशन प्रदाय किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण परिवारों के समय की बचत हो रही है। कुँ रेखा मसार को खाद्य विभाग द्वारा 6 हजार रूपये प्रतिमाह मानेदय प्राप्त हो रहा है व समूह को बारदान की बचत हो रही है। इस प्रकार से समूहो की अन्य दीदीयों को वर्तमान में आंशिक लाभ प्राप्त हो रहा है इस प्रकार ग्रामीणजन समय पर राशन प्राप्त होने से अतिउत्साहित है।

## मध्यप्रदेश के 22 पुलिस अफसरों व कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस के मौके पर...

# राष्ट्रपति द्वारा किया जाएगा सम्मानित

**भोपाल, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारत सरकार ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 पर गैलेंट्री अवॉर्ड (वीरता पदक), विशिष्टसेवा पदक (डिस्टिंग्विश सर्विस अवार्ड) और सराहनीय सेवा पदक (मेरिटोरियस सर्विस अवॉर्ड) के नामों की घोषणा कर दी है, इन्हें राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

मध्यप्रदेश के 4 पुलिस अफसरों को विशिष्टसेवा पदक (डिस्टिंग्विश सर्विस अवार्ड) से सम्मानित किया जाएगा- ✻ आईजी मकरंद देउस्कर, ✻ आईजी हिमानी खन्ना, ✻ इंस्पेक्टर वीर विक्रम सेंगर, ✻ इंस्पेक्टर नवाब खान✻ सिविल डिफेंस के सुनील कुमार गर्ग

सराहनीय सेवा पदक (मेरिटोरियस सर्विस अवॉर्ड) के लिए 17 पुलिस अफसरों- कर्मचारियों के नाम घोषित किए गए हैं-✻ रुचिवर्धन मिश्रा, आईजी ✻ वीरेंद्र कुमार सिंह, डीआईजी ✻ विक्रांत मुरब, एआईजी ✻ शैलेंद्र सिंह चौहान, एएसपी ✻ राकेश खन्ना, एएसपी ✻ विनय प्रकाश पॉल, एआईजी ✻ रितुराज गुप्ता, डीएसपी ✻ पंकज कुमार राजवैद्य, इंस्पेक्टर ✻ मनोज कुमार शर्मा, इंस्पेक्टर ✻ मनोज बैस, इंस्पेक्टर ✻ दीपक शिंदे, इंस्पेक्टर ✻ राजकुमार तिवारी, एसआई ✻ योगेश कुमार शर्मा, एसआई ✻ होशियार सिंह ठाकुर, एसआई ✻ देवबहादुर सिंह परिहार, एएसआई ✻ सतीश मांडिया, एएसआई ✻ ए.जनाकरी राव, कांस्टेबल।

## डॉ. जेएस दुबे ने पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर के प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य के रूप में डॉ. जे.एस. दुबे को नियुक्त किया गया। शासन के आदेश के परिपालन में आज दिनांक 25 जनवरी 2025 को महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्रों की उपस्थिति में डॉ. जे.एस. दुबे ने प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य पद पर डॉ. वी.पी. तिवारी कार्यरत थे, जिनके स्थान पर डॉ. जे.एस. दुबे ने प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के नवीन प्राचार्य को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की।


इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन

**डॉ. परीक्षित शर्मा**

एम.डी. (स्कीन)

**रविवार 26 जनवरी को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।**

सुविधाएं-✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088



कार्यालय नगर परिषद नारायणगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.)

समस्त नगरवासियों का गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर

**हार्दिक अभिनंदन, शुभकामनाएं**



साथ ही यह अपेक्षा है कि- 1. नगर परिषद के करों का समय पर भुगतान करें व पेनल्टी से बचें। 2. नलों में टोटियां अवश्य लगाएं, पानी व्यर्थन बहाएं। 3. 40 माईक्रोनगेन से कम आकार की प्लास्टिक थैलियों के उपायेग पर प्रतिबंध है। 4. स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत 5 से 14 वर्ष तक के बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें।

---बधाईकर्ता---

प्रमोद जैन, मुख्य नपा अधिकारी, नप, नारायणगढ़ | वीरेन्द्र रुपरा, उपाध्यक्ष, नप, नारायणगढ़ | ममताकुंवर जयराजसिंह चौहान, अध्यक्ष, नप, नारायणगढ़












# मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी



**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। उन्होंने राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए शहीद राष्ट्रभक्तों और ज्ञात-अज्ञात सेनानियों के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के समर्थ, सक्षम नेतृत्व और मार्गदर्शन में सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के अंतर्गत विकसित भारत की संकल्पना को भारतवासी साकार कर रहे हैं। विकास और जनकल्याण के कार्यों के माध्यम से मध्यप्रदेश विकसित राज्य के रूप में पहचान बना रहा है। इस उपलब्धि में प्रदेशवासियों का महत्वपूर्ण योगदान है। राज्य सरकार गरीब कल्याण, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के माध्यम से समाज के संपूर्णता में सशक्तिकरण के मंत्र को साकार करने और सुशासन के लिए संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सहित सभी संविधान निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की है।



# बुरहानी नगर के दो घरों में चोरी, एक बाइक और नगदी ले गये बदमाश

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर कोतवाली क्षेत्र के अभिनन्दन परिक्षेत्र में स्थित बुरहानी नगर केबफो मकानों को अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाया। दोनों मकान सगे भाइयो के हैं। यहां से बदमाश एक बाइक और हजारों रुपये नगदी चूरा ले गये। शहर कोतवाली पुलिस ने मामले में फिलहाल कोई कायमी नहीं की हैं। कोतवाली के एचसीएम का कहना था की चोरी की वारदात में कुछ नहीं गया हैं। इसलिए प्रकरण दर्ज नहीं किया हैं। मामले में जांच जारी हैं।

मिली जानकारी के अनुसार बुरहानी नगर के मकान नम्बर क्यू 14 एवं क्यू 15 में वर्तमान में कोई नहीं रह रहा था। मकानों के मालिक परिवार सहित विदेश में हैं। सुने मकान देख बदमाशों ने ताले चटकाए और वहां रखी एक बाइक और दोनों मकानों में रखी नगदी करीब 50 हजार रुपये ले गये। इन मकानों के मालिक शब्बीर और मुस्तफ़ा झोपडी वाले बताये गये हैं। दोनों भाई साल में एक दो बार कुछ दिनों के लिये यहां आते हैं। मामले में कोतवाली एचसीएम के मुताबिक फिलहाल कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया गया हैं।

# शुक्ला चौक में मामूली विवाद में नौकर ने चाकू निकाला, प्रकरण दर्ज

**मंदसौर, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के शुक्ला चौक में स्थित शिव टेंट हाउस के संचालक पर पड़ोसी ने ही नौकर के साथ मिलकर हमला कर दिया। हालांकि, इस वारदात में कोई गंभीर स्थिति नहीं बनी, पर इलाके का माहौल बिगड़ गया। मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने किसी तरह कि कायमी से इंकार किया। पर, प्रकरण दर्ज हुआ हैं। मिली जानकारी के अनुसार शिव टेंट हाउस के संचालक प्रवीण सैनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई की उसके सामने दर्शित दुग्गड़ का गौदाम हैं। उसका सामान सड़क पर रहता है। उसे सड़क पर सामान रखने से माना किया तो वह और उसके नौकर मेरी दुकान में घुस आए तथा मारपीट की। उनके एक नौकर मोहम्मद शकुर ने चाकू लहराया और बोला की आगे से हमें सड़क पर सामान रखने से रोका तो जान से ख़त्म कर देंगें। मामले में पुलिस ने दर्शित, उसके पिता महेश और नौकर शकुर चाचा के विरुद्ध बीएनएस की धारा 333, 296, 115 (2), 351 (2), 3 (5) के तहत प्रकरण दर्ज किया हैं। मामले में पुलिस जांच जारी हैं।




### चार दिन पूर्व हुई युवक की हत्या के मामले का खुलासा...

# पत्नी के प्रेमी को पति ने उतारा मौत के घाट

**रतलाम, 25 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत चार दिन पूर्व हुई युवक की हत्या के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। मृतक के सम्बन्ध एक विवाहित महिला से थे और जब विवाहिता को इसका पता लगा तो उसने अपनी पत्नी के प्रेमी को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने हत्या के आरोपी पति और उसके एक साथी को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी अमित कुमार ने आज पुलिस कंट्रोल रूम पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरे मामले का खुलासा किया। इस दौरान रतलाम ग्रामीण एसडीओपी किशोर पाटनवाला भी उपस्थित रहे।

**पुलिया के नीचे मिली थी लाश–** 21 जनवरी की सुबह शिवगढ़ पुलिस को सूचना मिली थी कि राजा पूरा माताजी से आगे केलकच्छ रोड पर पुलिया के नीचे अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी है। सूचना मिलने पर एसडीओपी किशोर पाटनवाला शिवगढ़ पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे थे। घटना स्थल के निरीक्षण में यह साफ हो गया था कि मृतक की हत्या कर शव को यहां छिपाया पाया गया है। मृतक की शिनाख्त ग्राम देवी पाड़ा निवासी देवीलाल पिता प्रभु के रूप में हुई थी।

**एसपी ने बनाई थी टीम–** एसपी अमित कुमार ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया था। एसपी ने अंधे कत्ल के मामले को सुलझाने के लिए एएसपी राकेश खाखा के मार्गदर्शन और रतलाम ग्रामीण एसडीओपी किशोर पाटनवाला के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया।

**इस तरह सुलझाया मामला–** टीम के द्वारा आरोपियों का पता लगाने के लिए मुखबीर तंत्र सक्रिय किए गए। सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया। पुलिस ने मुखबिर सूचना और शंका के आधार पर करिया पिता तोलिया 32 साल निवासी राजापुरा माताजी और देबू पिता राव जी 20 साल निवासी राजापूरा माताजी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में दोनों आरोपियों ने हत्या करने का जुर्म स्वीकार किया।

**अवैध संबंध में हत्या–** एसपी अमित कुमार ने बताया कि आरोपी किरीया की पत्नी से मृतक के अवैध संबंध थे। कुछ दिनों पूर्व किरीया के एक परिचीत ने उसे इस संबंध में जानकारी दी थी, इसके बाद आरोपी ने देवीलाल को मारने की योजना बनाई। मृतक और आरोपी भी आपस में दोस्त थे। घटना के दिन आरोपी मृतक को शराब पीने के लिए साथ ले गए और कुल्हाड़ी से उसकी हत्या कर दी। आरोपियों ने मृतक का मोबाइल उस व्यक्ति के घर के पास फेंक दिया जिसने आरोपी को अवैध संबंध के बारे में जानकारी दी थी ताकि पुलिस की शंका के घेरे में वह आ जाए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे घटना में प्रयुक्त लोहे की कुल्हाड़ी जब्त कर ली है।







स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in